भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3647

(16 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए)

राजस्थान में गांवों का संपर्क

3647. श्रीमती रंजीता कोलीः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राजस्थान के भरतपुर और अलवर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी गांवों और ढाणियों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जोड़ा गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त कार्य को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा तय की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्री

(श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)

(क) से (ग): प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत कार्यक्रम की इकाई बसावट है न कि राजस्व गांव। योजना की शुरूआत से लेकर 12 जुलाई, 2019 तक अलवर जिले में 2001 की जनगणना के अनुसार 250 से अधिक की आबादी वाली 550 पात्र एवं व्यवहार्य बसावटों में से 548 बसावटों को पहले से ही सड़कों से जोड़ दिया गया है। भरतपुर जिले में 2001 की जनगणना के अनुसार 250 से अधिक की आबादी वाली 357 पात्र एवं व्यवहार्य बसावटों में से इसी अवधि के दौरान पहले से सड़कों से जोड़ दिया गया है। राज्य ने यह जानकारी दी है कि अन्य योजना के अंतर्गत एक बसावट को सड़क से जोड़ने का कार्य चल रहा है जबकि शेष बसावटों को छोड़ा जा रहा है।

*****